जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0/सा0प्र0/8138/2025

दिनांकः 02 मई, 2025

शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध

सेवा में,

01. निदेशक शैक्षणिक,
विश्वविद्यालय परिसर।

02. प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

विषयः–शैक्षणिक सत्र 2025–26 में विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में प्रवेश के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

जैसा कि आप विदित ही हैं कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विश्वविद्यालयों एवं उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों में **आगामी शैक्षणिक सत्र 2025–26** में प्रवेश प्रक्रिया **'समर्थ पोर्टल'** के माध्यम से सुनिश्चित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

वर्णित निर्देशों के अनुरूप जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया एवं उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों में **आगामी शैक्षणिक सत्र 2025–26 में नव प्रवेशित** विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु अधोलिखित प्रक्रियाओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना हैः–

1. इस प्रक्रिया में अब विश्वविद्यालय या उससे सम्बद्ध किसी महाविद्यालय में नया प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों को सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल www.jncu.ac.in पर जाकर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
2. इस पंजीकरण के बाद सम्बन्धित विद्यार्थी को एक JNCURN (जेएनसीयू रजिस्ट्रेशन नम्बर) प्राप्त होगा।
3. ऐसे विद्यार्थी, जो किसी सम्बद्ध महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहते हैं, वे सम्बन्धित महाविद्यालय में अपने JNCURN का उल्लेख करते हुए वहाँ प्रचलित व्यवस्था के अनुरूप ऑनलाइन/ ऑफलाइन आवेदन फॉर्म भरेंगे।
4. बिना JNCURN के महाविद्यालय उनका प्रवेश कदापि नहीं करेंगे। प्रत्येक विद्यार्थी का केवल एक Unique Registration Number होगा। इसी के माध्यम से वह चाहे तो एक से अधिक पाठ्यक्रमों हेतु आवेदन कर सकेगा।
5. प्रवेश प्रक्रिया के उपरांत इसी JNCURN का प्रयोग करते हुए महाविद्यालय **'समर्थ पोर्टल'** पर प्रवेशित अभ्यर्थियों का विवरण अपलोड करेंगे।

टिप्पणीः– सम्पूर्ण प्रक्रियाओं से सम्बन्धित विवरण एतद्द्वारा पत्र के साथ संलग्न है।

भवदीय

(एस0एल0 पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. माननीय कुलपति जी।
2. डॉ0 प्रियंका सिंह, समन्वयक प्रवेश प्रकोष्ठ, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
3. डॉ0 नीलमणि त्रिपाठी, नोडल अधिकारी, 'समर्थ पोर्टल'।
4. प्रभारी वेबसाईट को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
5. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

शैक्षणिक सत्र 2025–26

जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया एवं उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु सुनिश्चित प्रवेश प्रक्रिया

01. सर्वप्रथम विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.jncu.ac.in पर जायें।
02. तत्पश्चात जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया की प्रवेश सम्बन्धी आधिकारिक वेबसाइट **jncuadm.samarth.edu.in** पर जाएं।
03. वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक **"Click here for Jananayak Chandrashekhar University, Ballia Registration Number"** पर क्लिक करें।
04. खुले हुए पेज के दाहिनी ओर स्थित **"New Registration"** पर क्लिक करके अपना लॉगिन आईडी (Login ID) बनाएं।
05. पंजीकरण ईमेल आईडी के माध्यम से किया जाएगा और एक ईमेल आईडी से केवल एक ही पंजीकरण किया जा सकता है, जिसे बाद में बदला नहीं जा सकेगा। इसलिए मान्य (सही और सक्रिय) ईमेल आईडी का ही उपयोग करें, क्योंकि ओटीपी (OTP) उसी ईमेल पर भेजा जाएगा।
06. बनाए गए Login ID एवं पासवर्ड को नोट करके सुरक्षित रखें।
07. लॉगिन ID बनाने के बाद, उसी पेज पर दाहिनी ओर "Login" पर क्लिक करें और अपना पूर्ण विवरण (नाम, पिता का नाम, माता का नाम, ईमेल आदि) भरकर अपनी प्रोफाइल (Profile) को पूर्ण करें।
08. प्रोफाइल पूर्ण करने के बाद पंजीकरण शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करें।
09. यदि खाते से राशि कट जाए लेकिन भुगतान सफल (Successful) न हो, तो 48 घंटे तक दुबारा भुगतान न करें ।
10. भुगतान सफल होते ही आपका JNCURN जनरेट हो जाएगा, जिसे नोट करके सुरक्षित रखें।
11. आप अपने पंजीकरण (JNCURN) का प्रिंट, Print Form पर क्लिक करके कभी भी प्राप्त कर सकते हैं।
12. पंजीकरण (JNCURN) के उपरान्त जो अभ्यर्थी जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया में प्रवेश चाहते हैं, उन्हें कार्यक्रमानुसार (Programme Wise) ऑनलाइन आवेदन करना होगा।
13. यदि कोई अभ्यर्थी महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहता है, तो उसे इस JNCURN को लेकर महाविद्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

कुलसचिव
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,

पताः—शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला—बलिया,उ0प्र0 पिन कोडः—277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.inE-mail :- jncuballia@gmail.com